उत्तर प्रदेश शासन
वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3
संख्या-1/2015-ई-3-04/दस-2015-यू0ओ0/2015
लखनऊ : दिनांक : 02 मार्च, 2015

संयुक्त सचिव,
मुख्यमंत्री कार्यालय
उ0प्र0 सचिवालय, एनेक्सी,
लखनऊ।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 29-10-2012 को सिविल सैन्य सम्पर्क सम्मेलन के अवसर पर निम्न घोषणा की गई है:-

"भूतपूर्व सैनिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्मित रेस्ट हाउसों का जीर्णोधार कराया जायेगा।"

घोषणा कम्प्यूटर संख्या-जीएच-110000319 के क्रियान्वयन विषयक अपने पत्रांक-मुमस-548-चौतीस-घोषणा/2014, दिनांक 16-12-2014 का कृपया संदर्भ लें।

2- मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा के क्रम में वित्त विभाग द्वारा कृत कार्यवाही का विवरण:-

(1) रेस्ट हाउसों के जीर्णोधार हेतु गत वर्ष 2013-14 में पी0एफ0ए0डी0 से अनुमोदित धनराशि रू0 354.49 लाख के सापेक्ष वित्त विभाग द्वारा अनुपूरक मांग के माध्यम से रू0 200.00 लाख बजट व्यवस्था के दृष्टिगत पी0एफ0ए0डी0 से अनुमोदित धनराशि का 50 प्रतिशत रू0 177.245 लाख अवमुक्त किये जाने के संबंध में वित्त विभाग द्वारा तत्समय सहमति प्रदान की गई थी।

(2) वर्ष 2014-15 में प्रथम अनुपूरक मांग के माध्यम से प्रशा0 विभाग द्वारा विश्राम गृहों के जीर्णोधार हेतु रू0 134.425+737.75=872.175 लाख की बजट व्यवस्था का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया था, किन्तु वर्ष 2013-14 में स्वीकृत धनराशि का रू0 177.245 लाख का उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध न कराने के कारण उक्त धनराशि की अनुपूरक मांग के माध्यम से स्वीकृति के संबंध में वित्त विभाग द्वारा सहमति प्रदान नहीं की जा सकी।

(3) सैनिक कल्याण विभाग द्वारा रेस्ट हाउसों का जीर्णोधार कराने के संबंध में चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्रशा0 विभाग का अनुरक्षण मद में रू0 134.425 लाख की धनराशि अवमुक्त किये जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ, जिस पर वित्त विभाग द्वारा रू0 134.42 लाख की धनराशि पुनर्विनियोग के माध्यम से दिये जाने पर सहमति प्रदान की जा चुकी है।

वर्णित स्थिति से स्पष्ट है कि प्रकरण में वित्त विभाग द्वारा कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। अत: प्रश्नगत प्रकरण को मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा सूची से विलोपित करते हुए वित्त विभाग को भी अवगत कराने की कृपा करें।

(कामिनी चौहान रतन)
सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।